# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## –ःप्रेस–नोटः–

एफ. 7(04) परीक्षा 'ख'/**EO-RO/RPSC/** 2022–23/ दिनांक : **25.04.2025**

### ऑनलाईन विस्तृत आवेदन के संबंध में

राजस्व अधिकारी ग्रेड–II एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग–IV (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2022 के पदों हेतु दिनांक 24.04.2025 को जारी की गई विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थी निम्नांकित दिशा–निर्देशों की पालना करना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेंः–

विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किये गये सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपनी SSO ID के माध्यम से Recruitment Portal पर My Recruitment → Detailed Form Cum Scrutiny → Apply Now का चयन कर अपना विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाईन भरें। ऑनलाईन विस्तृत आवेदन–पत्र भरने हेतु आयोग द्वारा दिनांक 01.05.2025 से दिनांक 07.05.2025 (रात्रि 11ः59 बजे) तक लिंक खोला जायेगा। इस क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि विस्तृत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों की जाँच स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर द्वारा ही की जायेगी।

अतः ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने व Submit करने के उपरांत प्रिन्ट ऑप्शन पर जाकर सम्पूर्ण विस्तृत आवेदन पत्र 02 प्रतियों में प्रिन्ट कर अपने पास संभाल कर रखें एवं स्वायत्त शासन विभाग, जयुपर की सूचना के अनुसार निर्धारित दिनांक, समय व स्थान पर विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) मय समस्त मूल दस्तावेजों व स्वयं सत्यापित प्रतियों के उपस्थित होवें। इस हेतु संबंधित विभाग द्वारा ही उचित माध्यम से अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचित कराने की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अलग से कोई सूचना अभ्यर्थियों को प्रेषित नही की जायेगी।

संबंधित विभाग द्वारा दस्तावेज जाँच/सत्यापन उपरांत, पात्र अभ्यर्थियों की सूची आयोग को भेजी जायेगी, तदुपरांत आयोग द्वारा परिणाम जारी कर चयनित अभ्यर्थियों के नाम नियुक्ति हेतु संबंधित विभाग को अभिस्तावित किये जायेंगे।

(रामनिवास मेहता)
सचिव